# कुरवाई में 'हरे सोने' की लूट

**खास बातें**

- वन विभाग की कार्रवाई के बावजूद जारी महाविनाश
- साहू आरा मशीन सील, 91 नग लकड़ी जब्त
- फिर भी रोजाना सैकड़ों क्विंटल अवैध कटाई



**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई 29 अप्रैल, विदिशा जिले के कुरवाई क्षेत्र में इन दिनों हरियाली पर संकट गहराता जा रहा है. एक ओर वन विभाग कार्रवाई कर अपनी सक्रियता दिखा रहा है, वहीं दूसरी ओर अवैध कटाई और लकड़ी तस्करी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है.**

बुधवार को वन विभाग की टीम ने कुरवाई स्थित साहू आरा मशीन पर छापा मारकर उसे सील कर दिया. कार्रवाई के दौरान बबूल, चिरोल, महानिम और सेमर प्रजातियों के 91 नग सतकाष्ठ बरामद किए गए. संचालक गजेन्द्र साहू वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिस पर म.प्र. काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 के तहत कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी पिंकी रघुवंशी के नेतृत्व में की गई, जिसमें वन विभाग का अमला मौजूद रहा.

हालांकि, विभागीय कार्रवाई के बावजूद जमीनी हकीकत चिंताजनक बनी हुई है. चुंगी नाका, जो शहर का मुख्य प्रवेश मार्ग है, अब अवैध लकड़ी परिवहन का प्रमुख रास्ता बन चुका है. प्रतिदिन करीब 20 ट्रैक्टर-ट्रालियों में लगभग 1000 क्विंटल हरी लकड़ी बिना रोक-टोक शहर में प्रवेश कर रही है.

जानकारी के अनुसार कछपुरा पठार और खिरिया बागड़ी स्थित धर्म कांटों पर इन लकड़ियों का खुलेआम वजन किया जा रहा है. यदि प्रशासन इन स्थानों के रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज की जांच करे, तो अवैध कारोबार से जुड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है.

**चुंगी नाका बना तस्करों का रास्ता, प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल**

कोयले की बढ़ती कीमतों के चलते ईंट भट्ठा संचालक सस्ते में नीम, महुआ और बबूल जैसे पेड़ों की कटाई करवा रहे हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है.इस पूरे मामले में स्थानीय प्रशासनिक तंत्र पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. वर्षों पुराने पेड़ों की कटाई के बावजूद पटवारी और स्थानीय सूचना तंत्र की निष्क्रियता संदेह के घेरे में है. ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह केवल लापरवाही है या फिर किसी स्तर पर मिलीभगत.

## किसानों ने गिनाईं गेहूं पंजीयन, स्लॉट बुकिंग में आ रही समस्याएं

- तौल भुगतान में आ रही परेशानियों को भी बताया
- किसानों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 29 अप्रैल, क्षेत्र के कई किसानों ने गेहूं पंजीयन, स्लॉट बुकिंग एवं तौल भुगतान में आ रही समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र के किसान गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में अनेक गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं. पंजीयन प्रक्रिया सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है.**

ऑनलाइन पोर्टल पर तकनीकी खामियों के कारण बार-बार प्रयास करने के बावजूद पंजीयन असफल हो रहा है. जिससे किसानों को अत्यधिक परेशानी उठानी पड़ रही है. कई किसानों को रातभर जागकर प्रयास करना पड़ रहा है, फिर भी सफलता नहीं मिल रही है. जिन किसानों का पंजीयन हो चुका है, उन्हें भी स्लॉट बुकिंग में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. स्लॉट बुक करने में अत्यधिक समय लग रहा है तथा ओटीपी, वेरिफिकेशन जैसी प्रक्रियाओं में बार-बार समस्या आ रही है. कई बार स्लॉट बुक होने के बाद भी सर्वर सबंधी समस्याओं के कारण तौल समय पर नहीं हो पा रही है एवं भुगतान प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है. तौल होने के बाद भी सर्वर पर अपडेट न होने से भुगतान नहीं हो रहा और स्लॉट की तिथि एक्सपायर हो जाती है. इस परिस्थितियों के कारण किसानों को कई समस्याएं आ रही हैं.

**स्लॉट बुकिंग की समस्या और भुगतान में देरी से बढ़ी परेशानी**

तुलाई में देरी के कारण मौसम की मार से फसल खराब होने की आशंका बनी हुई है. बार-बार प्रयास करने के बावजूद किसानों का समय और श्रम दोनों व्यर्थ हो रहे हैं. मजबूरी में किसानों को अपनी उपज कम दाम पर बेचनी पड़ रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है.किसानों ने पंजीयन एवं स्लॉट बुकिंग पोर्टल की तकनीकी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है. साथ ही सर्वर क्षमता बढ़ाकर प्रक्रिया को सुचारू और तेज बनाने, किसानों के लिए अतिरिक्त सहायता केंद्र (हेल्प डेस्क) स्थापित करने तथा जिन किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है, उनके लिए विशेष व्यवस्था करने की मांग रखी गई है.इसके अलावा किसानों ने तुलाई और भुगतान प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाने, 20 से 25 दिन पहले ही स्लॉट की स्थिति अपडेट करने तथा चना और मसूर की फसल का भुगतान शीघ्र करने की भी मांग की है.किसानों ने यह भी मांग उठाई कि जिनकी तुलाई स्लाइट बंद होने के कारण समय पर नहीं हो सकी और अंतिम दिन फसल नहीं चढ़ पाई, उन्हें पुनः अवसर दिया जाए.इस दौरान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे.

**एक नजर में**

### नगद इनाम की घोषणा

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना सिरोंज जिला विदिशा में दर्ज प्रकरण के फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए नगद इनाम देने की घोषणा की है.थाना सिरोंज में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 118/2026 के फरार आरोपी शाहिद मोहम्मद पुत्र स्व0 मोहम्मद मियां निवासी वार्ड नम्बर 20 टोरी मोहल्ला सिरोंज जिला विदिशा की सूचना देने, गिरफ्तारी में मदद करने वालो के लिए तीन हजार रूपए नगद इनाम घोषित किया गया है सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा.

### नरवाई न जलाने की शपथ

**नवभार न्यूज**

**विदिशा,**ग्राम बागरोदा पथरिया में पर्यावरण संरक्षण एवं कृषि सुधार को ध्यान में रखते हुए किसानों को नरवाई (फसल अवशेष) नहीं जलाने की शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जागरूक कर खेती में टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों को बढ़ावा देना रहा.इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कृषि विभाग के अमले ने किसानों को समझाया कि नरवाई जलाने से न केवल मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता है. इससे लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं और आने वाली फसलों की उत्पादकता पर भी विपरीत असर पड़ता है.

## किसान न्याय सत्याग्रह का 11वां दिन, युवाओं ने बुलंद की किसानों की आवाज

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे किसान न्याय सत्याग्रह का 11वां दिन भी जारी रहा. प्रदर्शन में शामिल युवाओं ने किसानों के अधिकारों की रक्षा को नैतिक दायित्व बताते हुए सरकार से समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की.**

जिला युवक कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित इस सत्याग्रह में प्रदेश अध्यक्ष यश घनगोरिया, जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, राजेश माहेश्वरी, विकास शर्मा, पंकज एलिया, राहुल ठाकुर, जगदीश ब्यास, रवि यादव, पृथ्वी रघुवंशी, सीमा अहिरवार, लखपत सिंह जादोन, राजकुमार सेन, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा एवं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए.प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देश का अन्नदाता आज अनेक गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिनका समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है. जब तक किसानों को उनका हक और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा.

## शिक्षाविद कपिल तिवारी की जयंती पर शैक्षणिक सामग्री व वस्त्र वितरण

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. वरिष्ठ शिक्षाविद एवं पूर्व बीआरसी स्वर्गीय कपिल तिवारी की जन्म जयंती के अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा जरूरतमंदों को शैक्षणिक सामग्री एवं नवीन वस्त्रों का वितरण किया गया.**

कार्यक्रम से पूर्व मंच के वरिष्ठ नेता सैयद शराफत हुसैन कादरी 'छोटे चच्चा' की पुण्यतिथि पर ईदगाह रोड स्थित गौशाला में गौसेवा हेतु 2100 रुपए तथा जय स्तंभ चौक पर गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए भोजन प्रसादी वितरण हेतु मां अन्नपूर्णा समिति को 1100 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई.इस अवसर पर मातारानी मंदिर के मुख्य पुजारी महाराज बालाराम महाराज गुरूदेव ने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच को राष्ट्रहित में कार्य करने वाला संगठन बताते हुए मुस्लिम युवाओं से समाज और राष्ट्र की मुख्यधारा में जुड़कर कार्य करने का आह्वान किया. उन्होंने राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और अखंडता पर बल दिया.मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि मंच द्वारा छुआछूत समाप्त करने, नशा मुक्ति, शत-प्रतिशत साक्षरता एवं दंगा-फसाद मुक्त भारत के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं. यह कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है.उमर खान, राजा हाफिज खान, फिरोज कुरैशी एवं अशफाक अली ने मुस्लिम समुदाय से बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया. वहीं काजी सैयद शोएब हुसैन ने सबील-प्याऊ लगाकर जरूरतमंदों की सेवा करने की बात कही.कार्यक्रम में सैयद सरवर अली, शेख शकील अहमद खान सहित अन्य वक्ताओं ने अपने बुजुर्गों की पुण्यतिथि एवं बच्चों के जन्मदिन पर गौशाला व वृद्धाश्रम में सहयोग करने का संदेश दिया.इस अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

## 70 पेटी अवैध शराब सहित थार रॉक्स कार जप्त




- दो आरोपी गिरफ्तार, कुल मशरूका कीमत लगभग 23 .50 लाख रुपए

**नवभारत न्यूज**

**पठारी 29 अप्रैल, जिले में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी सुश्री रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में थाना पठारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया.**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति सफेद रंग की थार रॉक्स कार में अवैध शराब लेकर त्योंदा से पठारी की ओर आ रहे हैं. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ग्राम बरखेड़ा के पास घेराबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू की. चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई.मौके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपियों के विरुद्ध थाना पठारी में अपराध क्रमांक 53/26, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है. आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया.

थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि जब्त सामग्री में 50 पेटी इंग्लिश गोवा मदिरा (2500 क्वार्टर) कीमत लगभग 3,50,000 रुपए एवं 20 पेटी बॉम्बे व्हिस्की (1000 क्वार्टर) कीमत लगभग 1,50,000 रुपए शामिल हैं. इसके अलावा प्रयुक्त थार रॉक्स कार की कीमत करीब 20,00,000 रुपए आंकी गई है.

कुल मशरूका कीमत लगभग 23,50,000 रुपए है.गिरफ्तार आरोपियों में अक्षय घोसी पिता रज्जन घोसी, उम्र 22 वर्ष निवासी माता माडिया जिला सागर तथा अमित घोसी पिता भरत सिंह, उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा, केसली (सागर) शामिल हैं.उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र सिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक विपिन यादव, आरक्षक चंद्रहास मालवीय, आरक्षक शैलेंद्र सिंह दांगी, आरक्षक शिवम सिंह तोमर एवं आरक्षक सौरभ दीक्षित की महत्वपूर्ण भूमिका रही.पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.



## खरीदी केंद्र का निरीक्षण, किसानों की समस्याओं पर प्रशासन गंभीर

- अधिकारियों ने मौके पर सुनीं शिकायतें
- जल्द समाधान का दिया भरोसा

**नवभारत न्यूज**

**पठारी. किसानों को आ रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थानीय खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया. इस दौरान अधिकारियों ने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.**निरीक्षण के दौरान किसानों ने तौल, भुगतान और व्यवस्थाओं को लेकर अपनी परेशानियां सामने रखीं, जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया.इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह दांगी, तहसीलदार अभिषेक पांडे, खाद्य विभाग की वैशाली दांगी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे.

## गोंडखेड़ी बना 100 प्रतिशत स्व-गणना युक्त गांव

- कृष्णगोपाल राजपूत की पहल से हर परिवार ने डिजिटल माध्यम से पूरी की जनगणना



**नवभारत न्यू**

**पठारी. विदिशा जिले के पठारी तहसील अंतर्गत ग्राम गोंडखेड़ी ने एक नई मिसाल पेश की है, जहां हर परिवार ने स्वयं की स्व-गणना पूरी कर गांव को 100 प्रतिशत स्व-गणना युक्त बना दिया है. खास बात यह है कि इस पहल के पीछे शिक्षक कृष्णगोपाल राजपूत का योगदान है, जिनकी इस कार्य में कोई आधिकारिक ड्यूटी भी नहीं लगी थी.**

जहां आमतौर पर सरकारी कार्यों के लिए आदेशों का इंतजार किया जाता है, वहीं शिक्षक राजपूत ने स्वप्रेरणा से जन-जागरण का जिम्मा उठाया. उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों को स्व-गणना के लाभ समझाए और तकनीकी झिझक को दूर किया. उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज गांव का प्रत्येक परिवार इस प्रक्रिया से जुड़ चुका है.कलेक्टर अंशुल गुप्ता, जिला जनगणना अधिकारी अनिल डामोर, कुरवाई एसडीएम मनीष जैन एवं पठारी तहसीलदार अभिषेक पांडेय द्वारा लगातार स्व-गणना के लिए की जा रही अपील का भी सकारात्मक असर देखने को मिला. इसी प्रेरणा को आधार बनाकर शिक्षक राजपूत ने इस उपलब्धि को संभव किया, जो अब पूरे जिले के लिए एक मॉडल बन गया है.इस उपलब्धि पर शिक्षक कृष्णगोपाल राजपूत ने कहा कि प्रशासन की इस महत्वपूर्ण पहल में योगदान देकर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है. इस कार्य में सर्किल सुपरवाइजर राघवेंद्र राजपूत, प्रगणक सुरेन्द्र दुबे एवं हनुमत सिंह राजपूत का भी विशेष सहयोग रहा.

## 9 कुंडीय श्रीराम यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, भव्य कलश यात्रा निकली

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. समीपस्थ ग्राम मूड़रा मेवली में बुधवार को 9 कुंडीय श्रीराम यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ. यात्रा में बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश लेकर शामिल हुईं. ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया.**



कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई यज्ञ स्थल पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर यज्ञ का शुभारंभ किया गया. जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया.

आयोजन समिति के अनुसार 30 अप्रैल से 4 मई तक प्रतिदिन यज्ञ अनुष्ठान एवं कथा वाचन होगा, जबकि 5 मई को पूर्णाहुति के साथ प्रसादी वितरण और विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा.गौरतलब है कि ग्राम मूड़रा मेवली में पहली बार इस प्रकार का यज्ञ आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है. पिछले लगभग दो महीनों से इसकी तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रही थीं.कार्यक्रम क्रम के तहत बुधवार को प्रायश्चित, जलयात्रा एवं पंचांग पूजन संपन्न हुआ. गुरुवार को देव स्थापना एवं अग्नि स्थापना, शुक्रवार से हवन एवं आहुतियां प्रारंभ होंगी. आगामी दिनों में नियमित रूप से देवपूजन और हवन किए जाएंगे.यज्ञ का संचालन आचार्य पं. मिथिलेश शास्त्री द्वारा किया जा रहा है. कथा का वाचन कथावाचक पं. तरुण महाराज करेंगे. आयोजन में मुख्य यजमान रामकृष्ण रघुवंशी एवं मुकेश रघुवंशी हैं.आयोजन समिति ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा का आयोजन होगा. श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए व्यवस्थाएं भी की गई हैं.

## पेशवा बाजीराव प्रथम की पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में पेशवा बाजीराव प्रथम की पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके शौर्य, नेतृत्व और ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की.कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी दीपक तिवारी ने किया. उन्होंने बाजीराव प्रथम के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सैन्य कौशल और दूरदर्शिता को रेखांकित किया.इस अवसर पर स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने बलिदान दिवस के महत्व को प्रतिपादित करते हुए बताया कि पेशवा बाजीराव प्रथम ने अपने जीवन में 41 युद्ध लड़े और एक भी नहीं हारे.

## अवैध गिट्टी परिवहन पर कार्रवाई, डंपर व ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** कलेक्टर के निर्देशन में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी है. इसी क्रम में लटेरी तहसील के ग्राम खलेनी में अवैध रूप से गिट्टी परिवहन करते पाए जाने पर एक डंपर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया. डंपर को पुलिस थाना लटेरी तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना मुरवास में रखा गया है. दोनों वाहनों के संचालकों के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है.

**परेशानी** | **41 डिग्री तापमान में प्याऊ से निकल रहा गर्म पानी, छांव और शीतल जल का संकट**

# सांची में भीषण गर्मी का कहर, राहत के इंतजाम नाकाफी



**नवभारत न्यूज**

**सांची. नगर में लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है. सुबह से ही तेज धूप और दोपहर तक 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचते तापमान ने हालात गंभीर बना दिए हैं.**

ऐतिहासिक पर्यटन स्थल होने के बावजूद यहां बुनियादी सुविधाओं की कमी साफ नजर आ रही है. देशी-विदेशी पर्यटक और दूरदराज से आने वाले ग्रामीण भीषण गर्मी में राहत के लिए भटक रहे हैं. नगर में पर्याप्त छांव और शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से स्थिति और विकट हो गई है.नगर में सौर ऊर्जा से संचालित प्याऊ तो लगाए गए हैं, लेकिन वे ठंडे पानी के बजाय गर्म पानी दे रहे हैं. ऐसे में लोगों को मजबूरी में होटलों के पानी से प्यास बुझानी पड़ रही है.वहीं, सड़क निर्माण के दौरान बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई के बाद अब तक पौधारोपण नहीं होने से छांव के प्राकृतिक साधन लगभग खत्म हो चुके हैं. हर साल के पौधारोपण अभियान भी धरातल पर प्रभावी नहीं दिख रहे हैं.जलस्तर में गिरावट के कारण जलप्रदाय भी सीमित कर दिया गया है, जिससे स्थानीय निवासियों और बाहरी लोगों दोनों को परेशानी उठानी पड़ रही है. सबसे ज्यादा दिक्कत किसानों को हो रही है, जो सुबह से ही खरीदी केंद्रों पर पहुंच जाते हैं, लेकिन तेज धूप में लगाए गए टेंट भी पर्याप्त राहत नहीं दे पा रहे हैं.गर्मी का असर पशु-पक्षियों पर भी साफ दिख रहा है. कुछ पशु-पक्षी प्रेमियों ने लोगों से अपने घरों के आसपास पानी की व्यवस्था करने की अपील की है.ऐसे में सांची जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पर बुनियादी सुविधाओं की कमी प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है. जब राहत के इंतजाम ही गर्मी बढ़ाने लगें, तो हालात की गंभीरता खुद-ब-खुद समझी जा सकती है.

## मेनवाड़ा में नि :शुल्क नेत्र शिविर, 112 लोगों की आंखों की जांच

- 23 लोगों को चश्मे वितरित
- 39 को नि :शुल्क दवाइयां दी गईं

**नवभारत न्यूज**

**त्योंदा.** ग्राम मेनवाड़ा में योगेंद्र सिंह रघुवंशी एवं ओमकार सिंह के सहयोग तथा स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के नेत्र चिकित्सक डॉ. दिलीप सेन द्वारा लगभग 112 लोगों की आंखों की जांच की गई और उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी गई.

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले एवं संतोष शर्मा ने ट्रस्ट की सराहना करते हुए बताया कि वर्ष भर में ट्रस्ट द्वारा 52 हजार से अधिक नेत्र ऑपरेशन किए जाते हैं. शिविर का संचालन रवि उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में किया गया.

कैंप प्रभारी गोलू राठौर एवं नेपाल सिंह जादौन ने मरीजों के चश्मों के नंबर निकालकर चश्मे वितरित किए. मिलन बघेल एवं अक्षय पाल ने बीपी और शुगर की जांच में सहयोग प्रदान किया. शिविर में 39 लोगों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया, 27 मरीजों के चश्मों के नंबर निकाले गए तथा 23 लोगों को चश्मे प्रदान किए गए.कार्यक्रम के दौरान समस्त ग्रामवासियों ने सक्रिय सहयोग दिया. आयोजन में आए चिकित्सकों एवं आनंदपुर टीम का स्वागत योगेंद्र सिंह एवं ओमकार सिंह द्वारा तिलक, फूलमाला, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया. साथ ही भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविर आयोजित करने की बात की गई, ताकि जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें.कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन भी किया गया. इस अवसर पर कृपाल सिंह, जनपद सदस्य दुर्जन सिंह, मनमोहन तिवारी, चंदन सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे.